गार्डियन स्कूल

द्वितीय सत्र परीक्षा २०२३-२४

विषय : हिंदी

कक्षा : नववी

दिनांक : १५ /०२/२४ समय : ३ घंटे

अंक : ८० 60

1. Answers to this paper must be written on the paper, provided separately.
2. You will not be allowed to write during the first 15 minutes. This time is to be spent in reading the question paper. The time given at the head of this paper is time allotted for writing the answers.
3. This paper consists of 8 pages.
4. The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [].

(विभाग अ )

**Question 1.**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics:**

निम्नलिखित **विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए:** [15]

(i) आपके विद्यालय में एक मेले का आयोजन किया गया था। यह किस अवसर पर, किस उद्देश्य से किया गया था? उसके लिए आपने क्या-क्या तैयारियाँ कीं? आपने और आपके मित्रों ने एवम् शिक्षकों ने उसमें क्या सहयोग दिया था? इन बिंदुओं को आधार बनाकर एक प्रस्ताव विस्तार से लिखिए।

(ii) यात्रा एक उत्तम रुचि है। यात्रा करने से ज्ञान तो बढ़ता ही है, स्थान विशेष की संस्कृति तथा परंपराओं का परिचय भी मिलता है। अपनी किसी यात्रा के अनुभव तथा रोमांच का वर्णन करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए। 11

(iii) 'वन है तो भविष्य है' आज हम उसी भविष्य को नष्ट कर रहे हैं, कैसे? कथन को स्पष्ट करते हुए जीवन में वनों के महत्व पर अपने विचार लिखिए।

vi) एक मौलिक कहानी लिखिए ज़िसका अंत प्रस्तुत वाक्य से किया गया हो-और मैंने राहत की साँस लेते हुए सोचा कि आज मेरा मानव जीवन सफल हो गया।

(v) प्रस्तुत चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



**Question 2.**

**Write a letter Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below:**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए:** **[7]**

i) आपने तथा आपके मित्रों ने ग्रीष्मावकाश में समीपस्थ गाँव में जाकर समाज सेवा की योजना बनाई है। उसके लिए अपने मित्र को पत्र द्वारा आमंत्रित कीजिए तथा अपनी योजना भी बताइए।

(ii) महानिदेशक दूरदर्शन को एक पत्र लिखिए, जिसमें दूरदर्शन पर दिखाए जाने वाले धारावाहिक कार्यक्रमों के सुधार के लिए सुझाव हो ।

**Question 3**

**Read the passage given below and answer in in Hindi the question that follow in your own words as far as possible:** **[10]**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

किसी वन में एक ऋषि का आश्रम था। ऋषि अत्यंत वृद्ध हो गए थे। परलोक गमन का समय निकट आता देख, उन्हें यह चिंता सताने लगी कि उनके बाद आश्रम की ज़िम्मेदारी कौन सँभालेगा? यूँ तो उनके एक-से-बढ़कर एक शिष्य थे, जिनमें संजय, मृत्युंजय, धनंजय तथा दिवाकर नामक शिष्य अत्यंत विद्वान थे। ऋषि ने इन्हीं चारों में से किसी एक को गुरुपद सौंपना चाहा, लेकिन गुरु जैसे सर्वोच्च पद के लिए केवल वेदशास्त्रों का ज्ञान और कला-कौशल ही काफ़ी नहीं बल्कि कुछ परोक्ष सद्‌गुणों का ज्ञान और कला-कौशल की भी आवश्यकता होती है। यह सोचकर ऋषिवर ने अपने चारों शिष्यों की परीक्षा लेनी चाही। उन्होंने चारों शिष्यों को अपनी इच्छा से अवगत कराकर कहा-

"पुत्रो! मैं तुम चारों से केवल एक प्रश्न करूँगा । जिसका उत्तर संतुष्टिकारक होगा, वही गुरुपद का अधिकारी होगा।"शिष्यों ने समवेत स्वर में कहा- "प्रश्न पूछने की कृपा कीजिए गुरुदेव!" ऋषि ने कहा - "यदि भगवान तुम लोगों को दर्शन देकर वर माँगने को कहें, तो क्या माँगोगे?"संजय बोला- "गुरुदेव! मैं तो संसार की समस्त विद्याओं को प्राप्त करने का वर माँगूँगा, ताकि मुझसे बड़ा कोई पंडित न हो सके।" मृत्युंजय बोला - "गुरुवर! मैं समस्त दिव्यास्त्रों की माँग करूँगा, ताकि विश्व का सबसे शक्तिशाली पुरुष मैं ही कहलाऊँ।"

धनंजय बोला - "विद्यादाता! मैं तो ईश्वर से विपुल धन संपदा माँगूँगा, जिससे मेरा और मेरी भावी पीढ़ी का जीवन ऐश्वर्य से सुखपूर्वक बीते ।" दिवाकर कुछ क्षण चुप रहा। फिर ऋषि को प्रणाम कर उसने कहा, "आचार्य श्रेष्ठ! मैं तो आजीवन ईश्वर की भक्ति, गुरु की भक्ति तथा आत्मसंतोष का वर माँगूँगा। इसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं।"दिवाकर का उत्तर सुनकर ऋषिवर गद्गद हो उठे और उसे गले लगाकर बोले, "वत्स! तू ही मेरा सर्वश्रेष्ठ शिष्य है। गुरुपद पर तू ही शोभित हो सकता है। तेरा कल्याण हो। यशस्वी भव!" यह कहकर ऋषि ने दिवाकर को आश्रम का भावी गुरु बना दिया।श्रेष्ठ पुरुष वही है, जो अपनी उन्नति के साथ-साथ सभी की उन्नति की कामना करे।

(i) परलोक गमन का समय आने पर गुरु को क्या चिंता हुई और क्यों? [2]

(ii) गुरु के प्रमुख शिष्य कौन-कौन-से थे तथा ऋषि ने शिष्यों से क्या प्रश्न पूछा? [2]

(iii) संजय और मृत्युंजय ने गुरु के प्रश्न का क्या उत्तर दिया? [2]

(iv) धनंजय और दिवाकर ने गुरु के प्रश्न का क्या उत्तर दिया? [2]

(v) गुरु को किसका उत्तर सर्वोत्तम लगा और क्यों? इससे आपको क्या शिक्षा मिलती है? [2]

**Question 4.**

**Answer the following according to the instructions given:** **[8]**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:**

(1) 'दुराचारी' का विलोम बताइए:

(क) कुचारी (ख) अचारी

(ग) सदाचारी (घ) अनाचारी

(ii) 'राजा' का पर्यायवाची छाँटिए:

(क) नरेंद्र-नरेश (ख) नृप-रंक

(ग) भूपति-महादेव (घ) लक्ष्मीपति-विष्णु

(iii) 'सेवक' की भाववाचक संज्ञा बताइएः

(क) सेव्य (ख) सेवा

(ग) सेवकी (घ) सेवकपन

(iv) 'राष्ट्र' का विशेषण बताइएः

(क) राष्ट्रीय (ख) राष्ट्रिय

(ग) राष्ट्री (घ) रष्ट्रीय

(v) 'संसारिक' का शुद्ध रूप बताइएः

(क) सांसरीक (ख) संसारीक

(ग) संसारी (घ) सांसारिक

(vi) 'घाव पर नमक छिड़कना।' मुहावरे का अर्थ बताइएः

(क) दुखी को दिलासा देना

(ख) इलाज करना

(ग) दुखी को और दुखी करना

(घ) तैयार करना

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइएः

दादा जी की बातों से बच्चों में उत्साह भर जाता है। (वाक्य में 'उत्साहित' शब्द का प्रयोग कीजिए)

(क) दादा जी की बातों से बच्चा उत्साहित हो जाता है।

(ख) दादा जी की बातों से बच्चे उत्साहित हो जाते हैं।

(ग) दादा जी से कहानी सुनकर बच्चे उत्साहित हो जाते हैं।

(घ) दादा जी से कविता सुनकर बच्चे उत्साहित हो जाते हैं।

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइएः

महेश एक गंभीर बीमारी से पीड़ित हो गया। (वाक्य में 'कर दिया' का प्रयोग कीजिए)

(क) महेश को एक गंभीर बीमारी ने पीड़ित कर दिया।

(ख) महेश को एक भयंकर रोग ने पीड़ित कर दिया।

(ग) महेश को एक बीमारी ने पीड़ित कर दिया।

(घ) महेश को एक भयानक बीमारी ने पीड़ित कर दिया।

## विभाग ब

## " साहित्य सागर "

**Question 5.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:[10]**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

वह सोचता, "यहाँ इतने सालों से हूँ। अमीर लोग नौकरों पर विश्वास नहीं करते पर मुझ पर यहाँ अभी किसी ने संदेह नहीं किया। यहाँ से जाऊँ तो शायद कोई ग्यारह-बारह दे दे, पर ऐसा आदर न मिलेगा।"

'बात अठन्नी की'

लेखक-सुदर्शन

(i) उपर्युक्त कथन का वक्ता कौन है? उसका परिचय लिखिए। [2] 1 1/2

(ii) "यहाँ इतने सालों से हूँ।" कथन का आशय स्पष्ट करते हुए लिखिए कि ऐसा क्यों कहा गया? [3] 2

(iii) वह वहाँ से जाना क्यों नहीं चाहता था? कारण सहित लिखिए। [2] 2

(iv) इस कहानी में लेखक ने समाज की कौन-सी बुराई को दर्शाया है और कैसे? स्पष्ट कीजिए। [3] 2 1/2

8

**Question 6.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: [10]**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

एक दिन उसने ऊपर आसमान में पतंग उड़ती देखी। न जाने क्या सोचकर उसका हृदय एकदम खिल उठा। विश्वेश्वर के पास जाकर बोला, "काका! मुझे एक पतंग मँगा दो।"

'काकी'

लेखक-सियारामशरणगुप्त

(i) आसमान में उड़ती पतंग देखकर किसका हृदय एकदम खिल उठा और क्यों? [2]

(ii) क्या विश्वेश्वर ने उसे पतंग मँगवा दी? यदि नहीं, तो पतंग कैसे आई? [2]

(iii) पतंग आने पर श्यामू ने किसकी सहायता ली और उसने क्या सुझाव दिया? [3]

(iv) इस कहानी में क्या समझाने का प्रयास किया गया है? स्पष्ट कीजिए। [3]

7½

**Question 7.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: [10]**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

हालदार साहब को हर पंद्रहवें दिन कंपनी के काम के सिलसिले में उस कस्बे से गुज़रना पड़ता था। कस्बा बहुत बड़ा नहीं था।

'नेताजी का चश्मा'

लेखक-स्वयं प्रकाश

(i) यहाँ किस कस्बे की बात हो रही है? उसके विषय में बताइए। [2]

(ii) कस्बे की नगरपालिका क्या-क्या कार्य करती थी? विस्तार से लिखिए। [2]

(iii) इस कहानी की रचना क्यों की गई? कारण सहित लिखिए। [3]

(iv) नेताजी की प्रतिमा का वर्णन करते हुए लिखिए कि हालदार साहब को क्या देखकर कौतुक हुआ? [3]

## एकांकी संचय

**Question 8.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: [10]**

निम्नलिखित **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

मैं कुमार के घर गई थी। वहीं उसकी मिसरानी ने मुझे बताया। कहने लगी-तुम्हारा बेटा तो बहुत बीमार रहा, मर कर बचा।

'संस्कार और भावना'

लेखक-विष्णु प्रभाकर

(i) उपर्युक्त कथन का वक्ता और श्रोता कौन है? परिचय दीजिए। [2]

(ii) बेटे को क्या बीमारी थी? बीमारी के विषय में मिसरानी से सुनकर माँ को क्या प्रतिक्रिया हुई? [2]

(iii) मिसरानी किसकी प्रशंसा करती हैं और क्यों? कारण सहित लिखिए। [3]

(iv) माँ अपने आप को किस कारण से दोषी समझती हैं? लिखिए। [3]

7

**Question 9.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: [10]**

निम्नलिखित **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

इतने बड़े दंभ को मेवाड़ अपने प्राणों में आश्रय न दे, इसी में उसका कल्याण है। रह गई बात एक माला में गूँथने की, सो वह माला तो बनी है। हाँ, उस माला को तोड़ने का श्रीगणेश हो गया है।

'मातृभूमि का मान'

लेखक-हरिकृष्ण 'प्रेमी'

(i) उपर्युक्त कथन का वक्ता कौन है? वह यह कथन किस संदर्भ में कहता है? [2]

(ii) "इतने बड़े दंभ को मेवाड़ अपने प्राणों में आश्रय न दे, इसी में सबका कल्याण है" - ऐसा किसने, किससे कहा है और क्यों? [2]

(iii) यहाँ किस माला की बात हो रही है? विस्तारपूर्वक लिखिए। [3]

(iv) 'श्रीगणेश होना' का अर्थ लिखते हुए बताइए कि किस प्रकार इस माला को तोड़ने का श्रीगणेश हो गया है? [3]

**Question 10.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: [10]**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

दहेज देना तो दूर, बारात की खातिर भी ठीक से नहीं की गई। मेरे नाम पर जो धब्बा लगा, मेरी शान में जो ठेस पहुँची, भरी बिरादरी में जो हँसी हुई, उस करारी चोट का घाव आज भी हरा है। जाओ, कह देना अपनी माँ से कि अगर बेटी को विदा कराना चाहती है तो पहले उस घाव के लिए मरहम भेजे।"

'बहू की विदा'

लेखक -विनोद रस्तोगी

(i) प्रस्तुत कथन किसने, किससे कहा? संदर्भ सहित उत्तर लिखिए। [2]

(ii) 'मरहम' का क्या अर्थ है? यहाँ मरहम से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) वक्ता के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। [3]

(iv) प्रस्तुत एकांकी में किस समस्या को उठाया गया है? उस समस्या को दूर करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं? अपने विचार दीजिए। [3]